पत्रांक 4750/आयु0क0उत्तरा0/वाणि0कर/प्रवर्तन–अनुभाग/2012–13/दे0दून।

कार्यालय आयुक्त कर, उत्तरखण्ड
(प्रवर्तन–अनुभाग)
देहरादून :: दिनांक :: 08 फरवरी, 2013

–:: कार्यालय ज्ञाप ::–

मुख्यालय के परिपत्र संख्या 4730/आयु0क0उत्तरा0/वाणि0कर/प्रवर्तन–अनुभाग/2012–13/दे0दून/दिनांक 08–02–2013 द्वारा दिनांक 10–02–2013 से राज्य की सीमाओं में स्थित वाणिज्य कर जॉच चोकियों से माल सहित प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए इन वाहनों में लदे माल की घोषणा ऑन लाईन ट्रिप शीट के माध्यम से करने की स्वैछिक व्यवस्था लागू की गयी है। राज्य की सीमाओं में स्थित वाणिज्य कर विभाग की बड़ी जॉच चौकियों नारसन, आशारोड़ी, चिड़ियापुर, रुद्रपुर, सुतईया, शाहगंज एवं कुल्हाल में उक्त कार्य हेतु अलग से विन्डो स्थापित किये गये हैं एवं अन्य जॉच चौकियों में भी उक्त व्यवस्था लागू है। जो परिवहनकर्ता दिनांक 10–02–2013 से वााहन में लदे माल की घोषणा ऑन लाईन ट्रिपशीट के माध्यम से करते हुए राज्य में प्रवेश करते हैं ऐसे वाहनों के सम्बन्ध में प्रस्तुत ट्रिपशीट एवं प्रपत्रों का इन्द्राज जॉच चौकी में इस हेतु अलग से रखे गये रजिस्टर में करते हुए वाहन को विना रुके जाने दिया जायेगा। ऐसे वाहनों की प्रविष्टियॉ जिनके द्वारा ऑन लाईन ट्रिपशीट (Trip sheet) प्रस्तुत की गई है उनके प्रपत्रों/अभिलेखों को एक अलग रजिस्टर पर दर्ज कर लिया जायेगा। इन वाहनों से सम्बन्धित प्रपत्रों का इन्द्राज पंजी–1 एवं पंजी–2 में करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा इन वाहनों के द्वारा` प्रस्तुत फार्म–16/17 में विभागीय बी0बी0सीरीज टिकट लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। उक्त कार्य को व्यवस्थित रूप से चलाने हेतु निम्न अधिकारियों की दिनांक 10–02–2013 से दिनांक 28–02–2013 तक निम्न प्रकार ड्यूटी लगायी जाती हैः–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम व तैनाती का स्थान | जॉच चौकी जहॉ पर ड्यूटी लगायी जा रही है। |
|---|---|---|---|
| 1– | श्री अभय कुमार पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–4, रूड़की। | जॉच चौकी कुंआहेड़ी, नारसन। |
| 2– | श्री तारकेश्वर मिश्रा | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–4, रूड़की। | जॉच चौकी कुंआहेड़ी, नारसन। |
| 3– | श्री सुरेश कुमार | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर (वि0अनु0शा0) इकाई, हरिद्वार। | जॉच चौकी कुंआहेड़ी, नारसन। |
| 4– | श्री दीपक बृजवाल | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–2, हरिद्वार। | जॉच चौकी चिड़ियापुर। |
| 5– | श्री अर्जुन सिंह राणा | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–1, हरिद्वार। | जॉच चौकी चिड़ियापुर। |
| 6– | श्री के0एन0रतूड़ी | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–3, हरिद्वार। | जॉच चौकी चिड़ियापुर। |
| 7– | श्री अरविन्द प्रताप सिंह | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–2, देहरादून। | जॉच चौकी आशारोड़ी। |
| 8– | श्री मनीष मिश्रा | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–5, देहरादून। | जॉच चौकी आशारोड़ी। |
| 9– | श्री योगेश मित्तल | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–4, देहरादून। | जॉच चौकी आशारोड़ी। |
| 10. | श्री आशीष उपाध्याय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर (वि0अनु0शा0) इकाई, देहरादून। | जॉच चौकी कुल्हाल। |
| 11. | अवधेश कुमार पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–1, ऋषिकेश। | जॉच चौकी कुल्हाल। |

क्रमशः -2-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | अवधेश कुमार पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–1, ऋषिकेश। | जॉच चौकी कुल्हाल। |
| 12. | श्री एस0एस0यादव | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–2, ऋषिकेश। | जॉच चौकी कुल्हाल। |
| 13. | श्री विनय कुमार पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–1, काशीपुर। | जॉच चौकी शाहगंज। |
| 14. | श्री विनय प्रकाश ओझा | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर रामनगर। | जॉच चौकी शाहगंज। |
| 15. | श्री हरीश चन्द्र पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–4, हल्द्वानी। | जॉच चौकी शाहगंज। |
| 16. | श्री भुवन चन्द्र पाण्डेय | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर (वि0अनु0शा0) इकाई, रुद्रपुर। | जॉच चौकी रुद्रपुर। |
| 17. | श्री प्रेम प्रकाश शुक्ला | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–2, रुद्रपुर। | जॉच चौकी रुद्रुपर। |
| 18. | श्री निखिलेश श्रीवास्तव | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–3, रुद्रपुर। | जॉच चौकी रुद्रुपर। |
| 19. | श्री शिवेन्द प्रताप सिंह | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर किच्छा। | जॉच चौकी सुतईया। |
| 20. | श्री आशीष ठाकुर | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर (वि0अनु0शा0) इकाई, हल्द्वानी। | जॉच चौकी सुतईया। |
| 21. | श्री संजीव त्रिपाठी | असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर खण्ड–1, हल्द्वानी। | जॉच चौकी सुतईया। |

1– यह डयूटी दिनांक 10–02–2013 से प्रारम्भ होगी, जो कि दिन एवं रात अनवरत चलती रहेगी ।

2– जॉच चौकियों नारसन, आशारोड़ी, चिड़ियापुर, रुद्रपुर, सुतईया, शाहगंज एवं कुल्हाल पर ऑन लाईन ट्रिपशीट के माध्यम से वाहन में लदे माल की घोषणा करने वाले वाहन चालक/आयातकों के लिए अलग से विण्डो की व्यवस्था की गयी है। इन जॉच चौकियों के प्रभारी अधिकारी उक्त व्यवस्था को सुचारु रूप से सफलता पूर्वक सम्पादित कराने हेतु जॉच चोकियों में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायेंगे। इस कार्य हेतु नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विण्डो में प्रस्तुत होने वाले प्रपत्रों के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अविलम्ब वाहन को पास कर देंगे।

3– ऑन लाईन ट्रिपशीट प्रस्तुत करने वाले वाहनों को अविलम्ब पास कराने का दायित्व इस कार्य हेतु नामित उपरोक्त अधिकारियों का होगा, इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा।

4– उपरोक्त सात बड़ी जॉच चौकियॉ जिनमें कार्याधिकता के कारण उक्त कार्य हेतु अलग से विण्डो खोले गये हैं के अतिरिक्त अन्य जॉच चौकियों पर ऑन लाईन ट्रिपशीट के माध्यम से वाहन में लदे माल की घोषणा करने वाले वाहनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पास कराने का दायित्व जॉच चौकी के तत्समय प्रभारी अधिकारी का भी होगा।

5– ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0/प्र0) अपने–अपने अधिनस्थ डिप्टी कमिश्नर(प्रवर्तन) के माध्यम से उक्त कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न करायेंगे तथा कार्य प्रगति का दैनिक अनुश्रवण करते हुए प्रगति की दैनिक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करेंगे।

6– जिन जॉच चौकियों में आकस्मिक रूप से किसी कारणवश अधिकारियों/कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण कमी हो जाती है इस कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित कराने के लिए ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0/प्र0), ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0/प्र0)एडीशनल कमिश्नर अविलम्ब सम्बन्धित जॉच चौकी पर निकटतम् कार्यालयों से अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगायेंगे, जहॉ अपेक्षित हो कालान्तर में उच्चानुमोदन हेतु पत्र प्रेषित कर देंगे।

क्रमशः-3-

7— ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्य0) अपने—अपने सम्भागों में स्थित बड़े व्यापारियों को ऑन लाईन ट्रिपशीट के माध्यम से माल की घोषणा करने हेतु अपने अधिनस्थ डिप्टी कमिश्नर(क0नि0) के माध्यम से उत्प्रेरित करेंगे। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 08—02—2013 को समस्त डिप्टी कमिश्नर को दूरभाष के माध्यम से भी निर्देशित किया जा चुका है।

8— उपरोक्त कार्य हेतु अधिकारियों को कोई अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।

(सौजन्या)
आयुक्त कर, उत्तराखण्ड।

पृ0प0सं0 4750 / दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर गढ़वाल जोन, देहरादून / कुमाऊँ जोन, रूद्रपुर।
2— ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्य0)वाणिज्य कर, सम्भाग देहरादून / हरिद्वार / काशीपुर / हल्द्वानी।
3— ज्वा0कमि0(वि0अनु0शा0 / प्र0)वाणि0कर, गढ़वाल जोन, हरिद्वार / कुमाऊँ जोन, रूद्रपुर।
4— डिप्टी कमिश्नर(प्रवर्तन) वाणि0कर, देहरादून / हरिद्वार / काशीपुर / हल्द्वानी।
5— डिप्टी कमिश्नर(वि0अनु0शा0) वाणि0कर, देहरादून / हरिद्वार / रुद्रपुर / हल्द्वानी।
6— समस्त जॉच चौकी प्रभारी, उत्तराखण्ड।
7— उपरोक्त अधिकारियों को अनुपालनार्थ।

आयुक्त कर, उत्तराखण्ड।